# शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### वार्षिक प्रतिवेदन

### सत्र : 2021 -22



ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
कार्यक्रम अधिकारी (पुरुष इकाई)
शा. तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर

प्रो. संगीता बासरानी
कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई)
शा. तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर

डॉ विक्रम सिंह बघेल
प्राचार्य
शा. तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर

# वार्षिक प्रतिवेदन

**शासकीय** तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (पुरुष एवं महिला इकाई) द्वारा सत्र 2021-22 में किये गये प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रतिवेदन में सम्मिलित है | इसमें इकाइयों द्वारा की गईं नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य विशेष अवसरों, पर्वों एवं कार्यक्रमों पर आयोजित गतिविधियों का विवरण भी शामिल है | सभी गतिविधियों का विवरण माहवार प्रस्तुत है -

## जुलाई 2021

1. 01 जुलाई 2021 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा **वन महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिवस एवं डॉक्टर्स डे** के अवसर पर डॉ. एस सी राय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अनूपपुर एवं जिला अस्पताल अनूपपुर के अन्य चिकित्सकों से महाविद्यालय में वृक्षारोपण कराया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ. परमानद तिवारी ने किया |



न्यूज ब्रीफ

**विकास एवं प्रकृति में संतुलन से ही सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन संभव-डॉ. राय**

**अनूपपुर।** वन महोत्सव के अवसर पर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के इको क्लब एवं गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा 1 जुलाई 2021 को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनूपपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. सी. राय ने कहा कि सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन के लिए प्रकृति एवं विकास के मध्य संतुलन स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी की जा रही है जिसके गम्भीर परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि सभी व्यक्तियों को वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत 4-5 दशकों से बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे निर्वनीकरण बढ़ा है और प्रकृति में असंतुलन की स्थिति आई है जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं बड़ी मात्रा में जन एवं धन हानि होती है।



**विकास एवं प्रकृति में संतुलन से ही सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन संभव-डॉ. राय**

अनूपपुर (एक्सप्रेस)। वन महोत्सव के अवसर पर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के इको क्लब एवं गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा 1 जुलाई 2021 को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनूपपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. सी. राय ने कहा कि सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन के लिए प्रकृति एवं विकास के मध्य संतुलन स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी की जा रही है जिसके गम्भीर परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि सभी व्यक्तियों को वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत 4-5 दशकों से बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे निर्वनीकरण बढ़ा है और प्रकृति में असंतुलन की स्थिति आई है जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन प्राकृतिक आपदाएँ आती रहती हैं बड़ी मात्रा में जन एवं धन हानि होती है। डॉ. तिवारी ने कहा कि वन प्रकृति का अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है और ये प्रकृति को संतुलित करते हैं। वन महोत्सव के साथ डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कोरोना महामारी के संकटकाल में डॉक्टरों के उल्लेखनीय प्रयासों की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस वैश्विक संकट में डॉक्टरों ने दिन रात अपनी सेवाएँ दीं जो अनुकरणीय है और सराहनीय है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस सी राय, डॉ. विजयभान, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों ने उनके प्रयासों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पहचाने जाने एवं सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम अत्यंत गरिमापूर्ण रहा जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ. आकांक्षा राठौर, अजयराज सिंह राठौर, शाहबाज खान, विनोद कुमार कोल, कमलेश चावले, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, सत्येंद्र चौहान समेत महाविद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



हडोल | मारुति एक्सप्रेस | सतना, शुक्रवार 2 जुलाई 2021 | www.marutiexpress.com | 7

**विकास एवं प्रकृति में संतुलन से ही सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन संभव : डॉ. राय**





**कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स एवं मीडिया कवरेज**

02. **07** जुलाई 2021 को रासेयो इकाई द्वारा कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया | इस शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र - छात्राओं उनके परिजन एवं अन्य स्थानीय लोगों ने टीकाकरण कराया | शिवर में प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कोविड टीके की दूसरी खुराक ली, इसके साथ डॉ. देवेन्द्र सिंह बागरी, डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रो. कमलेश चावले, श्री रामाश्रय भारिया एवं श्री बी.एम तिवारी ने अपना टीकाकरण कराया |








**कोरोना महामारी के नियंत्रण में टीकाकरण जरूरी: डॉ. तिवारी**

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय में 7 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कोविड टीके की दूसरी खुराक लेकर किया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि कोरोना की सभी वैक्सीन बिल्कुल सुरक्षित है और सभी लोगों को जल्दी टीकाकरण करवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवावर्ग इस अभियान से बिना किसी भय और भ्रम के जुडे तथा जो लोग अभी तक वैक्सीन नही लगवाए है उन्हें प्रेरित करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, प्रो. कमलेश चावले, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, रामाश्रय भारिया और बीएम तिवारी ने टीका लगवाया। शिविर में बडी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके परिजन उपस्थित हुए और अपना टीकाकरण कराया। टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन इस बात को ध्यान में रखकर किया गया कि अधिकांश टीकाकरण केंद्रों पर पहुंच रहे लोगों की तुलना में टीके की खुराक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाती है जिससे लोगो को परेशान होकर वापस जाना पड़ता है जिसमे बड़ी संख्या छात्रों की भी होती है। डॉ. तिवारी ने इस समस्या का स्वत: संज्ञान लेते हुए जिले की मेडिकल टीम से चर्चा करके महाविद्यालय परिसर में शिविर के आयोजन का प्रस्ताव रखा जिसे स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकार किया। कार्यक्रम के आयोजन में अनूपपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एससी राय और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. चौधरी का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के सन्त ने इस शिविर के लिए जिले की मेडिकल टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

3. **विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई** के अवसर पर रासेयो इकाई के तत्त्वाधान में एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक **जनसंख्या आधिक्य: समस्या अथवा अवसर** | इस कार्यक्रम का आयोजन गूगलमीट प्लेटफार्म पर किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एवं अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी रहे | कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे के संत मुख्य वक्ता रहे | इस ऑनलाइन गोष्ठी में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ, अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/ छात्राओं ने सहभागिता किया

4. **शहीद चंद्रशेखर आज़ाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर समारोह** का आयोजन दिनांक **23 जुलाई 2021** को किया गया | इस अवसर पर देश के स्वाधीनता आन्दोलन में इनके योगदान को याद किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ परमानंद तिवारी ने किया |



शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने देश के अमर सपूतों को उनकी जयंती पर किया याद

संवाददाता अविनाश दुबे

अनूपपुर। जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा देश के अमर सपूतों बाल गंगाधर तिलक और शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि उदारवादियों के बाद जब उग्रराष्ट्रवाद का दौर आया उसमें तिलक का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है। तिलक ने शिवाजी उत्सव और गणेश उत्सव जैसे कार्यक्रमों को शुरू करके पूरे देश को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया और उनमें राष्ट्रवाद की भावना पैदा की। होमरूल लीग की स्थापना और पूर्ण स्वराज जैसे क्रांतिकारी विचारों से उन्होंने देशवासियों में एक नवीन चेतना जागृत की। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के सन्त ने शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के बारे में बताते हुए कहा कि आज़ाद का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर में हुआ, और उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी। डॉ. संत ने कहा कि देश के युवाओं को हमारे सेनानियों और बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. विनोद कोल, डॉ तरन्नुम सरवत और रमा विश्वकर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ. अमित भूषण, पूनम धांडे, संगीता बासरानी, कमलेश बावले, शाहबाज़ खान एवं नीरज मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने किया।

**शहीद चंद्रशेखर आज़ाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर समारोह का दृश्य एवं अख़बार की कटिंग**

## अगस्त 2021

1. **अमृत महोत्सव ( फिट इण्डिया फ्रीडम रन )** 14 अगस्त को रासेयो इकाई द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर **फिट इण्डिया फ्रीडम रन** का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया | इस रैली को श्री सरोधन सिंह, अपर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया |






रैली की तैयारी को अंतिम रूप देते नेयुके के उपनिदेशक डॉ आर आर सिंह, प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल एवं जिला संगठक रासेयो डॉ परमानंद तिवारी







रैली से पूर्व गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह

1. **23 अगस्त** 2021 को कोविड टीकाकरण जागरूकता महाभियान के द्वितीय चरण (25-27 अगस्त) के तारतम्य में **ग्राम परसवार** में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया | इस रासेयो वालंटियर्स ने घर-घर जाकर नारा, दीवार लेखन और पोस्टर के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया | **24 अगस्त** २०२1 को यह जागरूकता रैली **गोदग्राम पिपरिया में** आयोजित की गई |













टीकाकरण जागरूकता महाभियान के तहत डोर- टू- डोर सम्पर्क करते रासेयो वालंटियर्स

2. 25 अगस्त २०२१ को कोविड टीकाकरण महाशिविर द्वितीय चरण (प्रथम चरण 21 जून को हुआ था) के अवसर पर पर रासेयो वालंटियर्स ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया तथा लोगों को टीकाकरण केन्द्रों तक पहुँचाने का कार्य किया |




आमलोगों को टीकाकरण केन्द्रों तक लाकर अधिकतम टीकाकरण को सुनिश्चित करते वालंटियर्स

# सितम्बर 2021

1. **08 सितम्बर साक्षरता दिवस** के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया | यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से गूगल मीट प्लेटफार्म पर किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो जिला संगठक डॉ परमानंद तिवारी ने किया |

## साक्षर समाज से ही पूरा होगा सामाजिक विकास का लक्ष्य डॉ तिवारी

**दैनिक मधुर इंडिया**
।प्रदीप मिश्रा।

अनूपपूर।जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 8 सितंबर 2021 को साक्षरता दिवस के अवसर पर एक ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला अनूपपुर डॉ. परमानन्द तिवारी ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति साक्षर नहीं हो जाता तब तक सामाजिक विकास की बात करना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माता है। डॉ. तिवारी ने कहा कि शिक्षित समाज ही देश को विकास के पथ पर आगे ले जाता है। उन्होंने जिले के समस्त प्राचार्यों से आग्रह किया किया कि सभी कोविड के दंश से उबर रहे हैं अतःसभी प्राचार्य अपनी इकाइयों की गतिविधियों प्रारम्भ कर दें और अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ें। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के सन्त ने कहा कि समाज का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टीकाकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआती चरण किस प्रकार लोगों ने टीके को लेकर समाज में भ्रम की स्थिति बना दी। यदि समाज शिक्षित और जागरूक होता तो निश्चित रूप से ऐसे दशा नहीं बनती। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ. आकांक्षा राठौर, संगीता बासरानी, डॉ. अमित भूषण, शाहबाज़ खान, प्रीति वैश्य, विनोद कुमार कोल, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. तरन्नुम सरवत, प्रियंका अग्रवाल और कृष्णचन्द्र के साथ अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापक और छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




2. **शासन ने कोविड टीकाकरण का** महाभियान का तीसरा चरण 17 सितम्बर 2021 को निर्धारित किया गया है | टीकाकरण महाभियान के तीसरे चरण को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा रासेयो वालंटियर्स से आह्वान किया गया था जिसके फलस्वरूप वालंटियर्स ने पूरी तन्मयता से इस कार्य को किया | 05-05 वालंटियर्स की 05 टोली बनाकर उन्हें 05 गाँवों में टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित करने साथ ही ऐसे लोग जो असमर्थ हैं उन्हें बूथ तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई |




**कोविड टीकाकरण हेतु आमजन को जागरूक करते रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं बड़ेबाबू श्री रामाश्रय भारिया जी**




कोविड टीकाकरण हेतु लोगों को भयमुक्त होकर टीका लगवाने हेतु प्रेरित करते रासेयो के वालंटियर्स, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संगीता बासरानी, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो विनोद कुमार कोल, एवं डॉ तरन्नुम सरवत

3. **राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस** के अवसर पर 24 सितंबर महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया | इस अवसर पर प्रथम सत्र में वृक्षारोपण किया गया जिसमें जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण, कार्यक्रम अधिकारीगण, एवं वालंटियर्स ने प्रतिभागिता की |

द्वितीय सत्र में **राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका** विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें जिले के सभी इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी एवं वालंटियर्स ने प्रतिभाग किया |



दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ करते जिला संगठक डॉ परमानंद तिवारी, डॉ जे के संत एवं कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय




मंचासीन प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल , जिला संगठक डॉ परमानंद तिवारी, डॉ जे के संत एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो संगीता बासरानी





**रासेयो स्थापना दिवस 24 सितम्बर 2022 को वृक्षारोपण करते कार्यक्रम अधिकारी, जिला संगठक एवं वालंटियर्स**

## अक्टूबर- 2021

**1.** 02 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया | इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ | इसके साथ रासेयो एवं जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के संयुक्त तत्त्वावधान में मद्य निषेध रैली का आयोजन किया | रैली को माननीय अपर जिला न्यायधीश भू भास्कर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | इस कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ परमानन्द तिवारी, प्रो. कमलेश चावले, प्रो. शाहबाज़ खान कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे |




**जिला न्यायालय परिसर में आयोजित समारोह में कार्यक्रम अधिकारी वालंटियर्स के साथ**




मद्य निषेध रैली के उपरांत जिला न्यायालय में आयोजित समारोह में मंचासीन रासेयो जिला संगठक डॉ परमानन्द तिवारी, प्रो. कमलेश चावले एवं ज्ञान प्रकाश पाण्डेय







गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित मद्य निषेध रैली के सहभागी

02. 08 अक्टूबर 2021 को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अवसर वन विभाग द्वारा वन चौकी ग्राम – किरार में आयोजित वाल पेंटिंग प्रतियोगिता में रासेयो इकाई के सहभागिता किया | इसमें कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय मार्गदर्शन में छात्रों ने प्रतिभाग किया |









प्रतिभागी छात्र अपने पेंटिंग के साथ

**03. 26 अक्टूबर 2021** को जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर ट्रायल का आयोजन किया गया | कार्यक्रम का आयोजन जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें जिले के रासेयो इकाईयुक्त महाविद्यालयों के वालंटियर्स ने सहभागिता की | **चयन समिति में ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, संगीता बासरानी, डॉ. पंचम सिंह कवडे, प्रो. अजयराज सिंह राठौर, प्रो. प्रीति वैश्य, शाहबाज़ खान, प्रशांत यादव और डॉ. तरन्नुम सरवत सम्मिलित थे |** इस ट्रायल में कुल 08 प्रतिभागियों का चयन अगले स्तर के लिए किया गया |



प्री आर डी सी परेड शिविर के लिए जिलास्तरीय ट्रायल में हुआ आठ वालंटियर्स का चयन

आर्यावर्त समाचार अनूपपुर

अनूपपुर। जिले की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 8 स्वयंसेवकों का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर रीवा में होने वाले ट्रायल्स के लिए किया गया है। इस चयन प्रक्रिया के लिए जिला संगठक डॉ. परमानंद तिवारी की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई थी जिसमें महिला एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः संगीता बासरानी और ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, न्याय अधिकारी लेफ्टिनेंट अजयराज सिंह राठौर, सांस्कृतिक क्षेत्र की विशेषज्ञ प्रो. प्रीति वैश्य एवं डॉ. तरन्नुम सरवत तथा अकादमिक शाखा से प्रो. शाहबाज़ खान सम्मिलित रहे। इस चयन समिति ने सभी प्रतिभागियों का गायन, वादन, अभिनय, त्वरित भाषण, रंगोली जैसे बहुमुखी प्रतिभा के आधार पर परीक्षण किया और उनमें से आठ प्रतिभागियों साक्षी पाठक, संतोष कुमार धसिया, पारस चौधरी, शिवम अग्रवाल, अवनीश सिंह, स्वाति कुशवाहा, निकिता गुप्ता और मृत्युंजय राय का चयन किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ. परमानंद तिवारी ने सभी चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी और विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले ट्रायल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह क्षण इन युवाओं के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है।



दैनिक आर्यावर्त समाचार पत्र

सबकी खबर, सब पर नज़र

aryavartdailynewspaper@gmail.com

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2021 में भागीदारी हेतु जिलास्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन

आर्यावर्त समाचार अनूपपुर

अनूपपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अनूपपुर के जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु दो दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। 25 अक्टूबर 2021 को समस्त रासेयो इकाइयों का संस्था स्तर पर ट्रायल हुआ और इसमें सफल वालंटियर्स को कल 26 अक्टूबर 2021 को जिलास्तरीय ट्रायल के लिए शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होना है। अनूपपुर जिले से कुल आठ युवाओं को विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले ट्रायल के लिए रीवा जाने का अवसर मिलेगा। जो वालंटियर्स रीवा में सफल होंगे वे 15 से 24 नवम्बर 2021 के मध्य होने वाले प्रीआरडी के लिए पटना जाने की पात्रता हासिल करेंगे। उक्त जानकारी को देते हुए डॉ. तिवारी ने कहा कि प्रत्येक युवा का सपना होता है कि उसे गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर परेड करने का अवसर मिले। यह एक बड़ा मंच और अवसर है। उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अच्छी तैयारी से आएं और बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त करें।



## शासकीय तुलसी कॉलेज में दो दिवसीय ट्रायल संपन्न



अनूपपुर (आरएनएन)। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में दो दिवसीय जिलास्तरीय ट्रायल सम्पन्न हो गया। विदित हो कि कल 25 अक्टूबर को संस्था स्तर पर सभी महाविद्यालयों ने चयन प्रक्रिया आयोजित की थी और उसमें सफल प्रतिभागियों को 26 अक्टूबर को जिलास्तरीय ट्रायल में भाग लेने का अवसर मिला। इस चयन प्रक्रिया में जिले के सभी रासेयो इकाईयुक्त महाविद्यालयों के वालंटियर्स ने प्रतिभागिता की।

कुल प्रतिभागियों में 8 का चयन विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले ट्रायल के लिए किया गया। चयनित प्रतिभागियों के नाम 27 अक्टूबर को सार्वजनिक किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई करते हुए उसे प्लास्टिक मुक्त बनाया और इसके बाद जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। दूसरे चरण में हृष्ट अधिकारी लेफ्टिनेंट अजयराज सिंह राठौर ने प्रतिभागियों का परेड कराया और उनका शारीरिक परीक्षण किया। तीसरे चरण में प्रो.प्रीति वैश्य और डॉ. तरन्नुम सरवत ने सांस्कृतिक गतिविधियों का परीक्षण किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. तिवारी ने कहा कि यह युवाओं के लिए एक विशेष अवसर है और इससे उन्हें बेहतर एक्सपोजर मिलेगा जो उनके कैरियर को भी नई दिशा एवं गति प्रदान करेगा।




**प्रतिभागियों की रासेयो जिला संगठक डॉ परमानंद तिवारी के साथ ग्रुप फोटो | साथ में प्रो. शाहबाज़ खान, डॉ पंचम कवडे,श्री प्रशांत यादव एवं डॉ तरन्नुम सरवत**

## नवम्बर 2021

1. बाल संरक्षण सप्ताह के चतुर्थ दिवस को **बाल तस्करी** पर केन्द्रित किया गया | बाल सप्ताह के अवसर पर महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम किये जा रहे हैं | सप्ताह के चौथे दिन **बाल तस्करी के रोकथाम में रासेयो वालंटियर्स की भूमिका** विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई | कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. परमानन्द तिवारी ने किया |

## शासकीय तुलसी महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने बाल संरक्षण सप्ताह पर किया विविध गतिविधियों का आयोजन

विप्र एक्सप्रेस, अनूपपुर

जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला संगठक अनूपपुर डॉ. परमानन्द तिवारी की प्रेरणा से और प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण सप्ताह के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाल संरक्षण सप्ताह की शुरुआत 14 नवम्बर से हुई और यह 20 नवम्बर तक चलता रहा। इस दौरान पूरे सप्ताह में रोज अलग-अलग थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें बालश्रम,बाल विवाह, बाल लैंगिक शोषण, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, बालकों का मानसिक स्वास्थ्य और बच्चों का ऑनलाइन शोषण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए।



महाविद्यालय के छात्रों ने पोस्टर, वालपेन्टिंग, रंगोली, फेस पेन्टिंग, स्लोगन जैसी विधियों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान बाल तस्करी विषय पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिला संगठक डॉ. परमानंद तिवारी ने कहा कि बच्चों के विरुद्ध होने वाली कोई भी क्रूरता अक्षम्य है और इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के जनजागरण कार्यक्रमों से ही समाज में चेतना आएगी और बच्चों के अधिकार सुरक्षित होंगे।

## शा. तुलसी महावि. के एनएसएस छात्र छात्राओं ने बाल मजदूरी समस्या को लेकर नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन !

आर्यावर्त संवाददाता अविनाश दुबे अनूपपुर



अनूपपुर 7 शासकीय तुलसी महाविद्यालय की एनएसएस छात्र छात्राओं ने शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय पिपरिया एवं ग्राम पंचायत पिपरिया गांव में बाल मजदूरी को रोकने के लिए आज नुक्कड़ नाटक कर बाल मजदूरी रोकने का एक अच्छा प्रयास किया गया जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाई एवं लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई। शासकीय तुलसी महाविद्यालय के ज्ञानप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में पुरुषोत्तम चौधरी, विमल गुप्ता, सत्यम केशरवानी, तरुण, रचना, कुशाबू, संतोष, विकास, सतीश, साक्षी पाठक ने सम्मिलित होकर नुक्कड़ नाटक की कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## 02. संविधान दिवस 26 नवम्बर





संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की शपथ के बाद ऑनलाइन कार्यक्रम का सेमिनार हाल में वेबकास्ट का दृश्य

# दिसम्बर 2021

1. **सुशासन दिवस** के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 24 दिसम्बर को महाविद्यालय प्रांगण में सामूहिक रूप से सभी ने सुशासन की शपथ ली | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल, जिला संगठक डॉ. परमानन्द तिवारी एवं छात्र/ छात्राओं ने प्रतिभाग किया |





शपथ ग्रहण करते छात्र छात्राएँ

## जनवरी - 2022

1. **12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर** रासेयो इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में प्राचार्य, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे | ओमिक्रोन (कोविड) के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सोशल दिस्टेंसिंग एवं अन्य सावधानियों का पालन किया गया |








सूर्यनमस्कार करते हुए प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल एवं अन्य प्राध्यापकगण

**2.** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस अवसर पर छात्रों के लिए पोस्टर, पेंटिंग, एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |









राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल

# मार्च 2022

**1.** शासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चलाए जा रहे जनकार्यक्रम **मेरा वोट मेरा भविष्य- ताकत एक वोट की** कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासन ने रासेयो वालंटियर्स से आह्वान किया, जिसके बाद वालंटियर्स ने इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और लोगों को विविध माध्यमों यथा पोस्टर, क्विज़ और स्लोगन के माध्यम से जागरूक करते हुए आमजन को इस कार्यक्रम में पंजीकृत कराया |










**महाविद्यालयीन छात्रों ने स्लोगन के साथ चित्र बना दिया मतदाता जागरूकता का संदेश**

**अनूपपुर। नर्मदा की पुकार।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर ने गत दिवस विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) सुश्री सोनिया मीना तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी सेन्स हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विक्रम सिंह बघेल के नेतृत्व में प्रोफेसर ज्ञानप्रकाष पाण्डेय, डॉ. जी.के. संत, डॉ. आकांक्षा राठौर का प्रतियोगिता आयोजित कराने में उल्लेखनीय योगदान रहा। मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी पाठक, आकांक्षा गुप्ता, आस्था, सेजल, प्रिया त्रिपाठी, शालिनी आदि महाविद्यालयीन छात्रों ने सहभागिता करते हुए फुल साईज ड्राईंग शीट में मतदाता जागरूकता का संदेष परिलक्षित करते हुए मतदाता जागरूकता के चित्र बनाए गए। चित्रों के साथ ही छात्राओं ने वोट द बेटर इंडिया, मेरा वोट मेरा भविष्य, सुन लो भाई, सुन लो बहना, सबसे कहना, वोट










**मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं पेंटिंग**

3. **महिला सम्मान कार्यक्रम – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया | कार्यक्राम प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमें समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे |



3 . **राष्ट्रीय सेवा योजना नेतृत्त्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता हेतु अनूपपुर जिले का दल रवाना** मध्यप्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के राज्यस्तरीय नेतृत्त्व प्रशिक्षण में सहभागिता हेतु अनूपपुर जिले का दिनांक 06 मार्च 2022 को शिवपुरी के लिए रवाना हुआ | इस दल में कुल 06 छात्र एवं 02 छात्राएँ सम्मिलित हैं जिनमे 02 छात्र एवं 02 छात्राएँ शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की रासेयो इकाई के हैं |





**अनूपपुर के दल रवाना करते कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**

## 03. राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता के पश्चात् वापस आया अनूपपुर का दल –

राष्ट्रीय सेवा योजना राज्यस्तरीय नेतृत्त्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता के पच्शात अनूपपुर जिले का दल 13 मार्च को वापस आया | समस्त शिविरार्थियों का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जे के संत, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संगीता बासरानी एवं ज्ञान प्रकाश पाण्डेय द्वारा स्वागत किया गया |









हरिभूमि

जबलपुर - विराट भूमि

17 Mar 2022

### रासेयो राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे अनूपपुर जिले के स्वयंसेवक

**सभी स्वयंसेवक ने मेडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है**



अमलाई। 75 वीं आजादी के अमृत महोत्सव पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 से 13 मार्च 2022 तक ग्राम सतनवाड़ा जिला शिवपुरी ग्वालियर में राज्य स्तरीय शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में जिले के स्वंयसेवकों ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। शिविर में प्रदेश के सात विश्वविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने सहभागिता दी। जिसमें प्रभात फेरी,योग,व्यायाम, श्रम शिखर,श्रमदान,बौद्धिक सत्र सहित अन्य गतिविधियां आयोजित हुई। विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास एवं बौद्धिक विकास के साथ समाज सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं शिविर परियोजना कार्य में स्वयंसेवक द्वारा तालाब गहरीकरण,जनसम्पर्क,स्वच्छता जागरूकता रैली ,मतदाता जागरूकता,पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान को लेकर गांव में जन जागरूकता पैदल रैली अभियान भी चलाया गया। तथा इस राज्य स्तरीय शिविर में महाविद्यालय कोतमा से दो छात्र तुलसी कालेज अनूपपुर से दो छात्र दो छात्राएं एवं महाविद्यालय जैतहरी से दो छात्र ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर अपने जिले को गौरवान्वित किया है।कार्यक्रम में जिले से रासेयो के स्वयंसेवक मोहन सिंह,माखन सिंह विकास, रुपाली सजना, नरेन्द्र,लक्ष्मण,सत्यम केसरवानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता कर उत्कृष्ट कार्य एवं प्रदर्शन किया।

### रासेयो राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे अनूपपुर जिले के स्वयंसेवक



बरगवां निप्र। 75 वीं आजादी के अमृत महोत्सव पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 से 13 मार्च 2022 तक ग्राम सतनवाड़ा जिला शिवपुरी ग्वालियर में राज्य स्तरीय शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में जिले के स्वंयसेवकों ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। शिविर में प्रदेश के सात विश्वविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने सहभागिता दी। जिसमें प्रभात फेरी,योग,व्यायाम,श्रम शिखर,श्रमदान,बौद्धिक सत्र सहित अन्य गतिविधियां आयोजित हुई। विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास एवं बौद्धिक विकास के साथ समाज सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं शिविर परियोजना कार्य में स्वयंसेवक द्वारा तालाब गहरी करण, जनसम्पर्क ,स्वच्छता जागरूकता रैली ,मतदाता जागरूकता,पर्यावरण संरक्षण , जल संरक्षण,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान को लेकर गांव में जन जागरूकता पैदल रैली अभियान भी चलाया गया। तथा इस राज्य स्तरीय शिविर में महाविद्यालय कोतमा से दो छात्र तुलसी कालेज अनूपपुर से दो छात्र दो छात्राएं एवं महाविद्यालय जैतहरी से दो छात्र ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर अपने जिले को गौरवान्वित।। के स्वयंसेवक मोहन सिंह,माखन सिंह विकास, रुपाली सजना, नरेन्द्र.लक्ष्मण.सत्यम केसरवानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता कर उत्कृष्ट कार्य एवं प्रर्दशन किया।



राज्यस्तरीय शिविर के प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल

## 03. 23 मार्च शहीद दिवस

23 मार्च शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की शहीदी दिवस के अवसर पर रासेयो इकाई ने अमर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया |




शहीद दिवस समारोह में डॉ जे के संत एवं प्रो संगीता बासरानी

# अप्रैल – 2022

**दिनांक 01 अप्रैल 2022** को माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश के छात्र / छात्राओं के साथ **परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम** के तहत संवाद किया गया | इस कार्यक्रम का ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय में वेबकास्ट किया गया |



परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में होता हुआ

**02 .मतदाता जागरूकता कार्यक्रम - 30 अप्रैल** को महाविद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम समारोह में उपस्थित छात्र छात्राएँ एवं शिक्षकगण




# मई -2022

1. 22 मई 2022 को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से वन्यजीव फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं स्टाफ ने अलग- अलग वर्गों में भागीदारी की | दोनों वर्गों के प्रथम तीन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया | प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को प्रदर्शित करने वाले फोटोग्राफ्स शेयर किये |




जैव विविधता दिवस पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं के द्वारा क्लिक किये गए फोटो

## जून – 2022

**01.** 05 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम और **पर्यावरण सुरक्षा : भावी पीढी की अनिवार्य आवश्यकता** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया | वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में में आयोजित किया गया जिसमें प्राध्यापकों, कर्मचारीगणों एवं छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया |









अन्तरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर आयोजित विविध कार्यक्रमों के छायाचित्र

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**02. 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर महाविद्यालय में सामूहिक योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभागिता किया | कार्यक्रम का सञ्चालन एवं योग का अभ्यास फिजिक्स के प्राध्यापक प्रो. सूरज पारवानी ने करवाया |








योग अभ्यास करते छात्र छात्राएँ एवं प्रतिभागीगण

### अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस

**03.** 26 जून 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस के अवसर एक ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्यवक्ता डॉ जे के संत, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक शासकीय तुलसी महाविद्यालय रहे |



**समाज के संतुलित विकास के लिए नशे की प्रवृत्ति का उन्मूलन आवश्यक-डॉ. संत**

अनूपपुर (ब्यूरो)अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के अवसर पर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय मे गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ.जे. के. सन्त ने कहा कि नशा सभी समस्याओं की जड़ है। वर्तमान में हो रहे सामाजिक विघटन का यह प्रमुख कारण है।नशे की लत युवाओं को कमजोर बना रही है जिससे समाज में आत्महत्या की दर भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का संतुलित विकास करना है तो इस तरह की प्रवृत्ति का उन्मूलन करना होगा। इसी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता उपस्थित प्रो. शाहबाज खान ने कहा कि वर्तमान दौर में युवावर्ग नशे को एक फैशन के रूप में ले रहा है और इसे आधुनिकता का एक प्रतीक मान लिया है। यह एक गम्भीर सामाजिक समस्या है इससे उबरने के लिए व्यापक सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता है।कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अभिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं प्रो. संगीता बासरानी के निर्देशन में किया गया।

**कोचिगं गई छाता हुई लापता**

अलीगढ़(ईएमएस)। थाना बन्नादेवी क्षेत्र में कोचिंग गई छात्रा लापता हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरूकर दी है। थाना अकराबाद क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी ससुराल थाना बन्नादेवी क्षेत्र के एक मोहल्ले में है। उनकी बेटी नौवी कक्षा की छाता है और बन्नादेवी क्षेत्र में कोचिंग करती है। गुरुवार की दोपहर छात्रा कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन लौटकर घर वापस नहीं आई।



**समाज के संतुलित विकास के लिए नशे की प्रवृत्ति का उन्मूलन आवश्यक-डॉ. संत**

■ अनूपपुर. (नव स्वदेश)।

अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के अवसर पर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय मे गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. जे.के. सन्त ने कहा कि नशा सभी समस्याओं की जड़ है। वर्तमान में हो रहे सामाजिक विघटन का यह प्रमुख कारण है। नशे की लत युवाओं को कमजोर बना रही है जिससे समाज में आत्महत्या की दर भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का संतुलित विकास करना है तो इस तरह की प्रवृत्ति का उन्मूलन करना होगा। इसी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता उपस्थित प्रो. शाहबाज़ खान ने कहा कि वर्तमान दौर में युवावर्ग नशे को एक फैशन के रूप में ले रहा है और इसे आधुनिकत का एक प्रतीक मान लिया है। यह एक गम्भीर मामाजिक समस्या है इससे उबरने के लिए व्यापक सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता है। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं प्रो. संगीता बासरानी के निर्देशन में किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस पर आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान का मीडिया कवरेज

विविध कार्यक्रमों के फोटोग्राफ






















---